मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 09/01/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --19/2026
09 जनवरी 2026
झारखंड मंत्रालय, रांची
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने की मुलाकात।

==========================

★ **झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपनी आय से 20 करोड़ रुपए डिविडेंड के रूप में राज्य सरकार को प्रदान किए।**

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने 20 करोड़ रुपए की राशि का चेक सप्रेम भेंट किया। यह राशि झारखंड बिल्डिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अपनी लाभ से राज्य सरकार को डिविडेंड के रूप में प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कॉरपोरेशन के अधिकारियों को अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा इस वित्तीय योगदान के लिए झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह कॉरपोरेशन प्रोफेशनल कंपनी के रूप में

विकसित हो इस निमित्त बेहतर कार्य योजना बनाते हुए आगे बढ़ें ताकि आने वाले समय में प्रॉफिट की राशि में और वृद्धि की जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अरवा राजकमल, कार्यपालक निदेशक श्री संजय कुजूर, महाप्रबंधक श्री अविनाश कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

===========================

#Team PRD(CMO)